आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 06.02.2025

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज डोंगरगढ़ में स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के "प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव में शामिल हुए–समाधि स्मारक 'विद्यायतन' का शिलान्यास किया।

2– प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज नाम वापसी का अंतिम दिन था–नाम वापसी के बाद अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए गए।

3– मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में आज एक इनामी माओवादी दंपत्ति ने किया आत्मसमर्पण।

4– प्रयागराज महाकुंभ में आज से जनजातीय सांस्कृतिक समागम के तहत युवा कुंभ का आयोजन किया जा रहा है।

<u>अमित शाह–डोंगरगढ़</u>

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के "प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव और श्री एक हजार आठ सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ" में शामिल हुए। इस दौरान श्री शाह ने आचार्य विद्यासागर जी की स्मृति में सौ रूपये का स्मारक सिक्का, डाक विभाग का पांच रूपये का विशेष लिफाफा, एक सौ आठ चरण चिन्हों और चित्र का लोकार्पण किया। साथ ही प्रस्तावित समाधि स्मारक 'विद्यायतन' का शिलान्यास भी किया।

महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी ने अपने तप, साधना और कर्मों से भारत, भारतीय संस्कृति और भारतीय भाषाओं को विश्व में पहचान दिलाई। उन्होंने देश की पहचान इंडिया के बजाय भारत से होने पर जोर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज एक युग पुरुष थे, उन्होंने एक नए विचार और नए युग का प्रवर्तन किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या में जैन संत और अनुयायी उपस्थित थे।

डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने छोटी बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर दर्शन–पूजन भी किया।

<u>पंचायत चुनाव–नामांकन</u>

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज नाम वापसी का अंतिम दिन था। नाम वापसी के बाद जो अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं, उन्हें आज चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत तीन चरणों में – सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतदान केन्द्रों में मतगणना होगी।

<u>अजय सिंह–स्ट्रांग रूम निरीक्षण</u>

प्रदेश में ग्यारह फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव के लिए होने जा रहे मतदान की तैयारियों का जायजा लेने राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह आज रायपुर के सेजबहार में बनाए गए स्ट्रांग रूम पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं की जानकारी ली। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारी–कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर मतदान प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ईव्हीएम

से होने वाले मतदान की प्रक्रिया से मतदाताओं को अवगत कराने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने को भी कहा।

मतदाता जागरूकता

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड में एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में इकतालीस विद्यालयों में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं के साथ–साथ शिक्षकों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही सायकल रैली और पदयात्रा भी निकाली गई।

वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में जागव बोटर–जाबो के तहत बाइक रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। रैली के बाद उपस्थित लोगों को शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

नगर निगम–प्रोफाइल

नगरीय निकाय चुनाव के तहत राज्य के विभिन्न नगर निगमों की प्रोफाइल की श्रृंखला की कड़ी में आज हम आपको बिलासपुर और जगदलपुर नगर निगम के बारे में बताएंगे।

परीक्षा पे चर्चा

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम में दस फरवरी को सुबह ग्यारह बजे होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए इस वर्ष प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से छत्तीस विद्यार्थियों का चयन किया गया है। ये विद्यार्थी सरकारी स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सीबीएसई और नवोदय विद्यालय से हैं। इनमें से कुछ छात्र प्रेरणा स्कूल कार्यक्रम के पूर्व छात्र, कला उत्सव और वीर गाथा के विजेता हैं। इन विद्यार्थियों को सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ने के लिए चुना गया है।

इस कार्यक्रम के लिए तीन करोड़ छह लाख विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इस कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

माओवादी आत्मसमर्पण

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में आज एक इनामी माओवादी दंपत्ति ने आत्मसमर्पण किया है। इन दोनों माओवादियों पर पांच–पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा।

उधर, नारायणपुर जिले में छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अमदईघाटी में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक ग्रामीण घायल हो गया है। घायल ग्रामीण का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

महाकुंभ—जनजातीय सांस्कृतिक समागम

प्रयागराज महाकुंभ में आज से जनजातीय सांस्कृतिक समागम के तहत युवा कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से आठ हजार से अधिक आदिवासी युवा भाग ले रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष दो हजार पच्चीस को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है। इसी के तहत पांच दिनों तक चलने वाले जनजातीय सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य जनजातीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि दुनिया में जितने भी बदलाव हुए हैं, वे युवाओं के कारण हुए हैं। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करें।

ऑपरेशन साइबर शील्ड

रायपुर पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत तेरह और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी साइबर ठगी के लिए म्यूल बैंक अकाउंट खुलवाने और खातों को ऑपरेट करने का काम करते थे। इस मामले में अब तक पचासी आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

इस बीच, दुर्ग में एक महिला अधिवक्ता से साइबर फ्रॉड के जरिये इकतालीस लाख रूपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस महिला अधिवक्ता ने पुलिस में की गई शिकायत में बताया है कि एक व्यक्ति ने सीबीआई दिल्ली का अफसर बनकर उसे वीडियो कॉल किया और उस पर फर्जी खाता खुलवाए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की धमकी दी। आरोपी ने महिला से अलग—अलग किश्तों में इकतालीस लाख रूपये वसूल लिए।

वहीं, रायपुर स्थित मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से छह लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले फरार दंपत्ति को भिलाई पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

संक्षिप्त समाचार

— राज्य सरकार ने महतारी वंदन योजना की बारहवीं किश्त की राशि जारी कर दी गई है।

— प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बीस जनवरी से बढ़ाकर चौदह फरवरी कर दी गई है।

— गरियाबंद जिले के देवभोग थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से सरपंच प्रत्याशी कुसुमा चंद्राकर की मौत हो गई है।

— कोरबा जिले के दर्री क्षेत्र में हसदेव नदी में तीन दिन पहले डूबे तीन छात्रों में से एक का शव बहत्तर घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। दो अन्य छात्रों की तलाश जारी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>